3(41)

9/C

<u>अति-तत्काल</u>

सं0 1/34/1/99-मंत्रि0(ii)
भारत सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय

नई दिल्ली, 22 नवम्बर, 1999

1 अग्रहायण,1921 (शक)

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 22 नवम्बर, 1999 से:-

i) प्रधानमंत्री ने कृषि मंत्री, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्रम मंत्री और महासागर विकास मंत्री का पदभार छोड़ दिया ।

ii) श्री जगमोहन ने शहरी विकास मंत्री का पदभार छोड़ दिया और शहरी विकास और गरीबी उपशमन मंत्री का पदभार संभाल लिया ।

iii) डा0 सत्यनारायण जटिया ने शहरी रोजगार और गरीबी उपशमन मंत्री का पदभार छोड़ दिया और श्रम मंत्री का पदभार संभाल लिया ।

iv) डा0 मुरली मनोहर जोशी ने महासागर विकास मंत्री का पदभार संभाल लिया । वे मानव संसाधन विकास मंत्री और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री का पदभार संभाले रहेंगे ।

v) श्री प्रमोद महाजन ने जल संसाधन मंत्री का पदभार छोड़ दिया और सूचना प्रौद्यागिकी मंत्री का पदभार संभाल लिया । वे संसदीय कार्य मंत्री का पदभार संभाले रहेंगे ।

vi) श्री नीतीश कुमार ने जल भूतल परिवहन मंत्री का पदभार छोड़ दिया और कृषि मंत्री का पदभार संभाल लिया ।

vii) श्री सुखदेव सिंह ढींडसा ने निर्माण और सम्पदा मंत्री का पदभार संभाल लिया ।

viii) श्री राजनाथ सिंह ने जल भूतल परिवहन मंत्री का पदभार संभाल लिया ।

ix) श्री सी0 पी0 ठाकुर ने जल संसाधन मंत्री का पदभार संभाल लिया ।

x) श्रीमती वसुंधरा राजे ने कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के राज्य मंत्री का पदभार छोड़ दिया । वे लघु उद्योग और कृषि तथा ग्रामीण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पदभार संभाले रहेंगी और कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग तथा पेंशन व पेंशनभोगी कल्याण विभाग और परमाणु उर्जा विभाग तथा अंतरिक्ष विभाग में प्रधानमंत्री की सहायता के लिए राज्य मंत्री के रूप में भी कार्य करती रहेंगी ।

xi) श्री दिलीप रे ने संसदीय कार्य मंत्री की सहायता का पदभार छोड़ दिया । वे इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पदभार संभाले रहेंगे ।

xii) श्री श्रीराम चौहान ने संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार छोड़ दिया और उपभोक्ता मामले तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया ।

प्रवीन

-----

300 प्रतियां

xiii) श्री संतोष गंगवार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार छोड दिया और पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया । वे संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त पदभार संभालेंगे ।

xiv) श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार छोड़ दिया और जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया ।

xv) श्री बंगारू लक्ष्मण ने योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और सांख्यिकी तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री के पदभार छोड़ दिये और रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया ।

xvi) श्री ओ0 राजगोपाल ने संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया । वे विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाले रहेंगे ।

xvii) श्री बच्ची सिंह रावत ने रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार छोड़ दिया और विज्ञान और प्रोद्योगिकी मंत्रालय में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया ।

xviii) श्री अरूण शौरी ने योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के राज्य मंत्री के पदभार संभाल लिए ।

पि गोपाल

(पि0 गोपालाकृष्णन)
कृते मंत्रिमंडल सचिव
दूरभाष: 301-5802

सेवा में,
मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य ।

प्रतिलिपि, योजना आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित ।

पि गोपाल

(पि0 गोपालाकृष्णन)
कृते मंत्रिमंडल सचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :

राष्ट्रपति के सचिव ।
उप-राष्ट्रपति के सचिव ।

पि गोपाल

(पि0 गोपालाकृष्णन)
उप सचिव,मंत्रिमंडल

--

प्रवीन
300 प्रतियां

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को भी सूचनार्थ प्रेषित :

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ।
प्रधानमंत्री के सचिव ।

पि गोपाल

(पि0 गोपालाकृष्णन)
उप सचिव,मंत्रिमंडल

प्रतिलिपि, भारत सरकार के सभी सचिवों/विशेष सचिवों/अपर सचिवों/अध्यक्ष, रेल बोर्ड/लेखा अधिकारी,वेतन एवं लेखा कार्यालय,मंत्रिमंडल सचिवालय को सूचनार्थ प्रेषित ।

पि गोपाल

(पि0 गोपालाकृष्णन)
उप सचिव,मंत्रिमंडल

प्रतिलिपि, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों/लोक सभा सचिवालय (प्रश्न शाखा)/राज्य सभा सचिवालय (प्रश्न शाखा)/स्थापना अधिकारी,कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग/विदेश मंत्रालय (प्रोटोकोल डिवीजन)/पत्र सूचना कार्यालय/अनुभाग अधिकारी,एन0जी0ओ0 अनुभाग,प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रेषित ।

पि गोपाल

(पि0 गोपालाकृष्णन)
उप सचिव,मंत्रिमंडल

प्रवीन

30 प्रतियां